>

Title: Need to set up an Airport in Ahmednagar, Maharashtra.

श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी (अहमदनगर): मैं सरकार का ध्यान अहमदनगर (महाराष्ट्र) की ओर दिलाना चाहता हूं। अहमदनगर क्षेत्र एक बड़ा केन्द्र है। यहां रक्षा मंत्रालय का तथा ""वी.आर.डी.ई."" वाहनों का जांच केन्द्र है। भारत के सबसे बड़े धार्मिक एवं पर्यटक स्थल शिर्डी और शनि-शिंगणापुर तथा मेहेराबाद अहमदनगर के नजदीक है। यहां व्यापार की दृष्टि से सब्जियां, अनाज, फ्रूट, सीमेंट, फर्टिलाइजर तथा मिलिट्री के सामान आदि की दृष्टि से व्यापारियों का आवागमन रहता है और अहमदनगर के नजदीक ही अकोलनेर गांव में भारत पेट्रोलियम का एक बड़ा टर्मिनल कार्यरत है। इसलिए सरकार द्वारा अहमदनगर में एयरपोर्ट बनाया जाए ताकि उड्डयन मंत्रालय को हवाई यात्रा से आर्थिक लाभ भी मिल सके और क्षेत्र की जनता को भी यात्रा का लाभ मिले।

मेरा निवेदन है कि शिर्डी, शिंगणापुर में आने वाले पर्यटकों की बड़ी संख्या को देखते हुए हवाई अड्डे की अति आवश्यकता है और वर्षों से इसकी मांग समय-समय पर की गई है।